संक्षिप्त

अक्षय तृतीया पर मंदिर में पूजा अर्चना

राजगढ़। कस्बे में अक्षय तृतीया के पुण्य अवसर पर कस्बे के प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम हुए, इस दौरान महिलाओं ने पूजा अर्चना कर कल्याण की कामना की। धार्मिक आस्था के केंद्र गोविंद देव जी मंदिर में आखा तीज पर छप्पन भोग की झांकी के सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुषों ने दर्शन का धर्म लाभ कमाया। इधर पूर्व पार्षद गीता देवी एवं परिजनों की ओर से गणेश जी भगवान जगन्नाथ, एवं अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ का न्योता दिया। इधर कस्बे के गोविंद देव जी मंदिर, भगवान जगन्नाथ मंदिर एवं अन्य मंदिरों में आकर्षक झांकियां सजाई गई। अक्षय तृतीया के अवसर पर लोगों ने दान पुण्य के साथ जमकर बाजार में खरीददारी की। गोविंद देव जी के महंत गोस्वामी दिलीप मुखर्जी ने बताया कि आखा तीज पर प्रात: 8 बजे श्री हरि के चंदन श्रृंगार दर्शन, छप्पन भोग की झांकी एवं भजन सत्संग मैं भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुषों ने भरपूर लाभ उठाया। श्रद्धालु चंद्रप्रकाश की ओर से गोविंद देव जी मंदिर में नवीन वस्त्र अर्पण एवं छप्पन भोग की झांकी श्री चरणों में अर्पित की।परशुराम जयंती के अवसर पर परशुराम जी का अभिषेक पूजा एवं आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

राधेश्याम कसाना को पीएचडी की उपाधि मिली

कोटपूतली। समीपवर्ती ग्राम कल्याणपुरा खुर्द निवासी डॉ. राधेश्याम पुत्र रामजीलाल कसाना मुकदम को राजस्थान विश्वविधालय जयपुर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य रसायन शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. सीमा पंत के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न किया। अपने शोध में डॉ. कसाना ने नये कार्बनिक यौगिकों का निर्माण किया, जो हृदय संबंधी तंत्र एवं केंद्रीय तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों के उपचार में उपयोगी दवाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह कार्य औषधीय अनुसंधान के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय योगदान माना जा रहा है। डॉ. कसाना ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों, शिक्षकों एवं विशेष रूप से अपनी शोध निर्देशक प्रो. सीमा पंत को दिया।

'प्रिंटर्स से लोगों को मिलेगी सुविधाएं'

निवाई। अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर विधायक रामसहाय वर्मा व भाजपा डांगरथल अध्यक्ष केदार जाट ने विश्वास प्रिंटर्स का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विश्वास प्रिंटर्स से लोगों को सुविधाएं मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान ममता जाट, कपडा व्यापार मंडल शहर उपाध्यक्ष किशन चौधरी, रामप्रसाद शर्मा महाराजपुरा, बन्नालाल गिरदावर, चिरंजीलाल की झांपडी, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश करेडा, पूर्व सरपंच पलेई श्रीराम चौधरी, शक्तिसिंह सुनारा, कालूराम लुनिया वनस्थली, हनुमान सुनारा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामराय मीणा नशीर टाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

भजन प्रोग्राम आयोजित

शाहपुरा। ग्राम छापुड़ा कलां शाहपुरा में स्थित पितर जी महाराज के मंदिर में सेवक बाबूलाल प्रजापत व कैलाश प्रजापत के सानिध्य में भजन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवरंग म्युजिक एण्ड फिल्म्स के लेखक व गायक लालचंद नवरंग भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय कलाकार मूलचंद स्वामी, साथी कलाकार ज्ञानचंद, विक्की छैला, डांसर माना गुजरी, बालाजी साऊंड मनीष शर्मा, ओरगन प्लेयर रजाक, सिंगर नंगारा वादक दीपक हरजनपुरा ने बारी-बारी से प्रस्तुति दी और सुबह आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

सुबह 3 घंटे बंद रहेगी बिजली

निवाई। विद्युत फीडर पर मरम्मत कार्य को लेकर सोमवार को शहर में 3 घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता धनराज यादव ने बताया कि सोमवार को विद्युत लाइन के मरम्मत कार्य को लेकर बापू नगर, 80 फीट रोड, काली का बाग रोड, अर्जुन नगर, कीर कॉलोनी, फूटी बावड़ी, पटेल रोड, दशहरा मैदान के आस-पास का क्षेत्र, मालियों का मोहल्ला, टोंक रोड व बस स्टैंड के आस-पास का क्षेत्र में सुबह 8 बजे से लेकर 11 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

जिनालयों में अक्षय तृतीया महोत्सव धूमधाम से मनाया

अक्षय तृतीया महोत्सव पर ध्वज पताकाएं लगाते हुए श्रद्धालु।

- अक्षय तृतीया महामहोत्सव में संत सभागार के पात्रों का हुआ चयन
- 24 अप्रैल को दिगंबर जैन शांतिनाथ अग्रवाल जैन मंदिर में संत सभागार बैंक्विट हॉल का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा

निवाई। दिगंबर जैन शांतिनाथ अग्रवाल मंदिर एवं दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर सहित शहर के सभी जिनालयों में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्रनंदी महाराज के सानिध्य में अक्षय तृतीया महोत्सव धूमधाम से गाजेबाजे के साथ मनाया गया।

मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा एवं धार्मिक मीडिया प्रभारी हितेश छाबड़ा ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन प्रात: काल आचार्य इन्द्रनंदी महाराज के सानिध्य में भगवान आदिनाथ का अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा की गई। उसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से गाजेबाजे के साथ भगवान आदिनाथ का पूजन किया गया। मंदिर जी के शिखरजी पर महिलाओं व पुरुषों द्वारा जैन धर्म की ध्वज पताकाएं लगाई गई। दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में पंडित सर्वज्ञ शास्त्री द्वारा भक्तामर जी का विधान धूमधाम से किया गया।

समाज सेवी विष्णु बोहरा ने बताया कि 24 अप्रैल को दिगंबर जैन शांतिनाथ अग्रवाल जैन मंदिर में संत सभागार बैंक्विट हॉल का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए पात्रों का चयन किया गया। जिसमें मुख्य लोकार्पणकर्ता कान्ति देवी, सुभाष कुमार व ममता चंवरिया, ध्वजारोहणकर्ता ओमप्रकाश, सतीश चंद व महेंद्र कुमार चंवरिया, विधान के सौधर्म इंद्र विमलचंद नितेश कुमार योगेश झिलाय, यज्ञनायक इन्द्र प्रेमचंद, अनिल कुमार व मनीष कुमार गिंदोडी, कुबेर इंद्र मुकेश कुमार व अनंत कुमार बनेठा, ईशान इंद्र सुरेश चंद, संजय कुमार व सुनील भाणजा आदि पात्रों का चयन हुआ हैं। आचार्य इन्द्रनंदी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मुनि अवस्था में ईक्षु रस से आहार हुआ था। यह पवित्र दिवस हमें संयम और दानशीलता का संदेश देता है। आज के दिन हमको अपनी सामर्थ्य अनुसार दान देना चाहिए और आज के दिन हमको एक नियम और लेना चाहिए की हम अपने मुख से किसी भी जीव की निंदा नहीं करें, क्योंकि निंदक की भी निंदा करने से आपकी ही निंदा होती है, इसलिए निंदा की जगह प्रशंसा को अपने जीवन का अंग बनाएं। ध्यान रखें बुराइयां छोटे लोगों को ही दिखती है। अच्छे लोगों को तो अच्छाई ही दिखती है। उसके बाद आचार्यश्री की निरंतराय आहार चर्या हुई। सायंकाल में भगवान आदिनाथ एवं शांतिनाथ भगवान कि आरती करके आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज की आरती की गई।

प्रतिभाओं को सम्मानित किया

फुलेरा। जोबनेर रोड स्थित भगवान परशुराम भवन विप्र वाटिका में रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू दाधीच ने की। कार्यक्रम में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में सभापति यादराम जोशी, पूर्व अध्यक्ष प्रभुदयाल दाधीच, सुरेश मिश्रा, सुरेशचंद सारस्वत, श्यामसुंदर शर्मा एवं निर्मल शर्मा शामिल रहे। महासभा के उपाध्यक्ष धनराज शर्मा, मनीष शर्मा, दीनदयाल दाधीच, मुकेश पारीक एवं मुरारीलाल सिंवाल ने सभी अतिथियों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैलेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य पंडित कुंजबिहारी वशिष्ठ एवं कुलदीप वशिष्ठ द्वारा गणेश-अंबिका पूजन, वैदिक स्वस्ति वाचन तथा भगवान परशुराम एवं महर्षि दधीचि के विधिवत पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सामाजिक प्रतिभा सम्मान किया गया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर हम सफर बने

- उपहार स्वरूप में जोड़ों को 19 स्कूटी दी
- गायत्री परिवार के कार्यकताओं ने करवाये फेरे

शाहपुरा। जय फुले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा के तत्वावधान एवं त्रिवेणी धाम के महन्त श्री राम रिछपाल दासजी महाराज के सानिध्य में त्रिवेणी धाम में स्थित सैनी धर्मशाला में रविवार को आखातीज के अबूझ सावे पर सैनी समाज के पंचम आदर्श माली (सैनी) सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर जीवन साथी हम सफर बने। पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन की बारात त्रिवेणी धाम में स्थित रामलीला भवन से गाजे-बाजे के साथ रवाना होकर सैनी धर्मशाला में पहुंची जहां पर स्वागत किया गया। यादव धर्मशाला में सियाला किया गया। तोरण रस्म के बाद सवा 11 बजे 19 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ।

गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता थानाराम सेपट,अजय कुमार सैनी, सुरेश गढ़वाल, मुकेश सैनी एवं सभी गायत्री प्रज्ञापीठ सेपटपुरा शाहपुरा जयपुर के कार्यकताओं के द्वारा विधी-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फेरे करवाकर विवाह संस्कार संपन्न करवाया गया। इस दौरान नव दंपतियों ने अग्नि को साक्षी मानकर फेरे लिये और सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद प्राप्त किया।

माली महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ताराचन्द गहलोत, विष्णु सैनी सभापति न. प. चौमूं, बंशीधर सैनी सभापति न.प. शाहपुरा, बद्री प्रसाद सैनी पूर्व चैयरमेन शाहपुरा व जय फुले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा, जय फुले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष साधुराम सैनी, राहुल सैनी भाजपा जिला महामंत्री अलवर, डॉ. विकास यादव शाहपुरा विधायक के प्रतिनिधि, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शाहपुरा नाथूलाल सैनी, गुड्डू जी सैनी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, श्रवण सैनी पूर्व जिला मंत्री भाजपा जयपुर उत्तर, परमानंद जी धाम खोरी के महंत श्री हरिओम दास जी महाराज, शाहपुरा पूर्व विधायक आलोक बेनिवाल सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु, गणमान्य व्यक्ति, परिजनों ने उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना किये। पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 जोड़ों को एक-एक स्कूटी, प्रेस, मधानी, एल.ई.डी., बेडशीट, तकिया, गद्दा, तकिया कवर, जयपुरी रजाई, छत पंखा, वाटर केन, थर्मस, चौकी, पानी गर्म करने की केतली,चार खाने का टिफिन, चांदी के सिक्के, दूल्हन बेस उपहार में दिये गये।

सीमित अध्यक्ष साधुराम सैनी ने बताया कि सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को मिटाना, फिजूल खर्ची पर लगाम लगाना, सामाजिक समरसता को बढ़ाना है।

बैरवा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 1 मई को

टोंक। जिला बैरवा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक के अन्तर्गत आगामी 1 मई पीपल पूर्णिमा को पक्का बंधा स्थित कृषि फार्म (पूर्व टेनरीज) पर समाज का विवाह सम्मेलन आयोजित करने हेतु निर्णय लिया गया है। समिति की आयोजित बैठक रविवार को रतन लाल महाराज की अध्यक्षता मे बैरवा धर्मशाला टोंक में आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन के प्रचार प्रसार हेतु पंपलेट वितरण,जोड़ों का पंजीयन, दानदाताओं, भामाशाहों से सहयोग प्राप्त करने हेतु कार्य योजना बनाकर समितियां गठित गई, विवाह जोड़ों के पंजीयन की तारीख 24 अप्रैल 2026 तक बढ़ाया गया है। मंत्री रामकिशोर बैरवा ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया जाकर आयोजित सम्मेलन की जिला प्रशासन से अनुमति, पुलिस प्रशासन,नगर परिषद, चिकित्सा विभाग को सूचना दी जाएगी। बैठक में जगदीश लाल महामंत्री, राम करण बैरवा, प्रताप मल रनवाल, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिभाई हरि, अ्रामकिशोर बैरवा कोषाध्यक्ष, आदि समाज के गणमान्य मौजूद रहे।

भगवान परशुराम के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली

शोभायात्रा मुख्यालय स्थित रामकृष्ण मंदिर से भगवान परशुराम की झांकी, बैंड बाजे के साथ रवाना हुई।

टोंक। जिला सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में शोभायात्रा निकाली गई, इस दौरान पटेल सर्किल पर महाआरती की गई। महासभा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा मुख्यालय स्थित रामकृष्ण मंदिर से भगवान परशुराम की झांकी, बैंड बाजे के साथ रवाना हुई।सदगुरु आश्रम टोंक के संस्थापक पंडित राजकुमार शर्मा, सन्त रामनिवास महाराज, विधायक राजेन्द्र गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव, महंत सुरेश दुबे जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने पूजा अर्चना के साथ रवाना किया। यह शोभायात्रा समाज के सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, युवाओं के साथ मुख्य बाजार से होते हुए पटेल सर्किल पहुंची। जहां उप पुलिस अधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा एवं अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम की महाआरती की, तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर यात्रा का समापन किया गया।

शोभायात्रा का जगह -जगह सामाजिक, राजनीतिक संगठनों की तरफ से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान संरक्षक शंभूदयाल शर्मा, प्रदेश सचिव सुरेन्द्र शर्मा, बाबूलाल शर्मा अमीन, ज्ञानेन्द्र कुमार, श्रोतिय राजाराम शर्मा, महामंत्री ब्रजराज स्नेही, विष्णुदत्त खांडल, डॉ प्रेमशंकर शर्मा, प्रकाश पाठक, ओम प्रकाश शर्मा, राधा शर्मा, अंजना गौतम, हेमलता शर्मा, सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष व युवा मौजूद रहे।

190 स्थानों पर दबिश देकर 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया

कोटपूतली। जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशानुसार जिले में ऐसे सक्रिय अपराधी जो अवांछित गतिविधियों में लिप्त रहते है, क्षेत्रवासियों में भय पैदा करते है, हार्डकोर अपराधियां, उद्घोषित अपराधी, स्थाई वारन्टी, भगोड़े, ईनामी अपराधी, 173 (8) सीआरपीसी में वांछित अपराधी, हिस्ट्रीशीटर, मुकदमों में वांछित अपराधी,अवैध शराब की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम लगाने व सख्त कानूनी कार्यवाही करने के लिये शनिवार 18 अप्रैल की सुबह 04 बजे से रात्रि तक सघन तलाशी, दबिश व छापेमारी की जिला पुलिस द्वारा अपराधियों के सम्भावित ठिकानों पर एक साथ कार्यवाही की गई।

एएसपी, अपराधियों की आसूचना संकलन के पश्चात एएसपी कोटपूतली नाजिम अली खान व एएसपी नीमराणा सुरेश खिंची के निर्देशन में जिले के डीएसपी, थानाधिकारियों व गठित टीमों द्वारा जिले में अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दबिश देकर अपराधियों को घेरकर उनके सम्भावित आपराधिक ठिकानों की सघन तलाशी ली गई।

अपराधियों की सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षित करना, सोशियल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने व अफवाह फैलाने वालों की निगरानी, अपराधियों से गहन पूछताछ कर उनकी आपराधिक योजनाओं के बारे में पता लगाकर जिले में होने वाली गैंगवार की घटनाओं व अपराधों को रोकना एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी करना रहा। अभियान के दौरान महिला अत्याचार के प्रकरणों, हार्डकोर अपराधी, प्रकरणों में आदतन गिरफ्तार अपराधी, स्थाई वारन्टी, ईनामी अपराधियों में शामिल 05 अपराधियों तथा नवीन दर्ज प्रकरणों में गिरफ्तार अपराधियों में शामिल 04 अपराधियों समेत कुल 42 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया हैं।

परशुराम जन्मोत्सव पर विप्र बंधुओ ने एकत्रित होकर एकजुटता का परिचय दिया

भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा निकाली।

- पावटा उपखंड जय परशुराम के नारों से गुंजायमान हुआ , जगह-जगह शोभायात्रा का हुआ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत

पावटा। उपखंड पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों में श्रद्धाभक्ति व बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर उपखंड पावटा मे तहसील ब्राह्मण महासभा व नगर ब्राह्मण महासभा पावटा के नेतृत्व में भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी की शाही लवाजमे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को मंगलदास महाराज, महंत मोहनदास महाराज, द्वारा दीप प्रज्वलित व आरती कर पावटा आदर्श रामलीला मैदान से रवाना किया गया।

शोभायात्रा में ब्राह्मण महासभा पावटा सहित तहसील विप्र समाज के लोग तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक पटेल, गिरिराज बोहरा, महामंत्री विष्णु पटेल, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, संगठन मंत्री नरेंद्र शर्मा, प्रचार प्रसार मंत्री मोहन गौड, पवन टीलावत, एडवोकेट कुलदीप पटेल, राजू पटेल, विनोद शर्मा, सुनील गौड, संजय गौड, गजानंद बोहरा, नरेंद्र गौड, विकास शर्मा, विकास पंचोली, रामशरण बोहरा, मोहित शर्मा, लक्की भारद्वाज, ओमप्रकाश गौड, गजानंद टीलावत, अशोक शर्मा, रामकिशोर शर्मा, योगेश शर्मा, शुभम टीलावत, विशाल शर्मा, साहिल टीलावत, हिमांशु शर्मा, नितेश शर्मा, प्रिंस मिश्रा, प्रमोद शर्मा, अशोक शर्मा, सहित विप्र समाज के लोग व सर्व समाज के लोग धर्म ध्वजा के साथ उत्साह से निकले।

वही यात्रा में अतिथि के रुप में पधारे, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, पूर्व विधायक सुभाष शर्मा, भाजपा नेता पवन शर्मा, कोटपूतली ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष बजरंग लालशर्मा, सवाई सिंह शेखावत, किशन लाल शर्मा, राकेश शर्मा सहित आगंतुक अतिथियो काब्राह्मण महासभा पावटाद्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। शोभा यात्रा मेंसबसे आगे विभिन्न क्षेत्रो से आये भक्तो की मोटर साइकिलों का काफिला चल रहा था। उनके पीछे बैंड व ढोल की धुन पर लोग मस्त होकर नाच रहे थे व जय जय परशुराम, जय ब्राह्मण समाज के नारे लगाकर व आतिशबाजी करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में जगह-जगह परशुराम भगवान की आरती उतारी गई, इस दौरान ब्राह्मण एकता जिंदाबाद के नारे लगाये गये। इस दौरान नगर व तहसील के विप्र बंधुओ सहित लोग भारी संख्या में मौजूद रहे। इस भव्य शोभायात्रा में शामिल विप्र बंधुओं का जगह-जगह सैन समाज नवयुवक मंडल पावटा व समाज सेवी संगठनों द्वारा जलपान करवाकर स्वागत व सम्मान किया गया । वही ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा शोभायात्रा का ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा कर जगह- जगह स्वागत किया गया । जुलूस में शामिल जीवंत झांकी परशुराम नें सब का मन मोह लिया । शोभायात्रा में भगवान परशुराम की सुंदर प्रतिमा रथ रूपी ट्रैक्टर में विराजमान होकर चलीं तो वहीं शोभायात्रा में बग्गी में भगवान परशुराम जी की जीवंत झांकी व ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहीं।

सार-समाचार

कलेक्टर ने गांवों का दौरा कर पेयजल व्यवस्था देखी

खैरथल। जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने रविवार को जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान आमजन को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिए जल जीवन मिशन के तहत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की जलापूर्ति व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियांता जन स्वास्थ्य एंव अभियांत्रिकी विभाग धर्मवीर यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।जिला कलेक्टर ने पेयजल अधिकारियों के साथ नौरंगाबाद तिजारा, घासोली, कोलगांव तथा किशनगढ़ बास के गंज में संचालित जल जीवन मिशन योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने पेयजल आपूर्ति सूचारू सप्लाई हेतू पाइपलाइन के अंतिम छोर (टेल एंड) तक पानी पहुंच रहा है या नहीं, इसका विशेष रूप से परीक्षण किया। साथ ही पानी के प्रेशर की भी जांच की मौके पर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने तिजारा एवं किशनगढ़ बास क्षेत्र में घर-घर दिए गए जल कनेक्शनों की स्थिति की समीक्षा की और स्थानीय निवासियों से संवाद कर जलापूर्ति के समय, दबाव एवं नियमितता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को शत-प्रतिशत स्वच्छ जल सुचारू रूप से उपलब्ध किया जाए तथा कहीं भी पेयजल आपूर्ति में बाधा न आने दी जाए।इस दौरान उन्होंने आमजन से भी अपील की कि अमूल्य जल का दुरुपयोग न करें, पानी को व्यर्थ बहने से रोकें तथा घरों के बाहर अनावश्यक पानी छिड़काव से बचें, ताकि सभी तक पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

प्रतिभाओं का सम्मान किया

सांभरझील। यहां विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास ने परशुराम जयंती की पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। 10वीं व12वीं में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित कर समाज का नाम रोशन करने पर उनका अभिनंदन किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को समाज की तरफ से नगद पारितोषिक प्रदान किया गया। इस मौके पर कुलदीप व्यास ने कहा कि शिक्षा समाज के लिए जरूरी तो है ही लेकिन तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हमें और आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि वर्तमान युग टेक्नोलॉजी से भरा है और बच्चों का स्वर्णिम भविष्य बनाने के लिए उन्हें टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में शिक्षा अर्जित करने की भी खास जरूरत है। इससे पहले सांभर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर दिनभर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम भी हुए। इस मौके पर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर आरती की गई। इस मौके पर समाज के अनेक विप्र बंधुओं की उपस्थिति रही। जयंती इस मौके पर शोभायात्रा को संत विपिन दास महाराज ने आरती कर विधिवत रवाना किया। शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा, शीतल पेय एवं आइसक्रीम दी गई। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की जीवंत झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्री गोपाल गौशाला के पूर्व अध्यक्ष मून्नालाल शर्मा की तरफ से शोभा यात्रा में शामिल सभी को शीतल छाछ पिलाई गई। सभी ने एकजुट होकर भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

श्रमदान अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया

अलवर। नगर निगम एवं अरावली ट्रेकर्स के संयुक्त तत्वावधान में आज अलवर शहर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सागर जलाश्य के आसपास स्थित ऐतिहासिक धरोहर स्थलों, बावड़ियों एवं धार्मिक परिसरों में विशेष श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत में शामिल करने एवं 'कचरा अलग करो, शहर साफ रखो' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि यह अभियान नगर निगम अलवर एवं अरावली ट्रेकर्स की एक साझा पहल के रूप में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं जागरूक बनाना रहा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत सागर जलाश्य के आसपास स्थित ऐतिहासिक धरोहर स्थलों, बावड़ियों एवं धार्मिक परिसरों में विशेष सफाई कार्य किया गया, जिसमें एक बावड़ी का स्वरूप निखरकर सामने आया। उन्होंने बताया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से लगभग 4 ट्रॉली लगभग 50 कचरे के बैग भर के कचरा एकत्रित कर क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाया गया। उन्होंने बताया कि यह पहल नगर निगम अलवर एवं अरावली ट्रेकर्स द्वारा शहर में स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल सफाई तक सीमित है बल्कि नागरिकों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का भी प्रयास है। इस दौरान अरावली ट्रेकर्स के संस्थापक दीपक गलाव सहित नगर निगम की टीम, मैत्री क्लब, पंजाबी फुलकारी क्लब, खंडेलवाल महिला मंडल, एडीआई, लक्ष्मी मंदिर स्टूडियो, खंडेलवाल सेवा समिति, प्रीत फाउंडेशन एवं रोटरैक्ट क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

तिलक समारोह आयोजित

पावटा। कोटपूतली-बहरोड़ जिले की पावटा तहसील का भांकरी गांव आज वीवीआईपी मूवमेंट का बड़ा केंद्र बन गया है। गांव में राजनीतिक और प्रशासनिक दिग्गजों का जमावड़ा लगा हुआ है, जिससे पूरे इलाके में हलचल और उत्साह का माहौल है। दरअसल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ के पुत्र अनुज के विवाह समारोह के चलते यहां भव्य आयोजन किया जा रहा है। रविवार, 19 अप्रैल को भांकरी में विशाल तिलक समारोह आयोजित हुआ, जिसमें हजारों लोगों के लिए महाभोज की व्यवस्था की गई। समारोह में भूपेंद्र यादव, झाबर सिंह खर्रा, ओमप्रकाश धनखड़ सहित कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को खास बना दिया। वहीं, 21 अप्रैल को कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा के यहां बारात जाएगी, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस हाई-प्रोफाइल आयोजन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली, हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया, मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, मंत्री संजय शर्मा, सुखबीर सिंह जौनपुरिया,राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी नेता हनुमान बेनीवाल, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर सहित बड़ी संख्या में वीवीआईपी शामिल हुए । कार्यक्रम की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला कलेक्टर और एसपी सहित पूरा प्रशासन मौके पर तैनात रहा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट जैसा माहौल बना हुआ है। कुल मिलाकर, एक शादी समारोह ने भांकरी गांव को राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के बड़े मंच में बदल दिया है, जहां सत्ता और संगठन के कई बड़े चेहरे एक साथ नजर आ रहे हैं।

बैठक आयोजित

कोटपूतली। मानव कल्याण सेवा समिति की बैठक रविवार को कस्बे के कृष्णा टॉकिज के सामने स्थित श्री लक्ष्मीनारायण देव स्थान मन्दिर में डॉ. हरिश गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें समिति द्वारा आगामी 29 अप्रैल को स्थानीय नगर परिषद पार्क में शव-रथ (मोक्ष-वाहन) व शवों को रखने हेतु डी-फ्रीज का उद्घाटन सत्ताईसा मण्डल अध्यक्ष मानदास महाराज, विधायक हंसराज पटेल, जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता व जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह द्वारा करवाया जायेगा। कार्यक्रम में दानदाताओं का सम्मान भी किया जायेगा। इस मौके पर गायक कलाकार गिरिराज लालवाडी एण्ड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जायेगी। आयोजन को लेकर समिति के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। बैठक में समिति अध्यक्ष ओमप्रकाष स्वामी, सचिव ओमप्रकाश बंसल, कोषाध्यक्ष करण सैनी, सरपंच षिम्भुदयाल गर्ग, अनिल मंगल, प्रकाश सैनी, सुन्दरलाल सैनी, सतीष यादव, वेदप्रकाश शर्मा, अशोक गुप्ता, सज्जन यादव, नरेश सैनी, बलवीर सिंह शेखावत, महावीर सुनीम समेत अन्य मौजूद रहें।

''कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार परामर्श कार्यक्रम'' का आयोजन

अलवर। अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वाधान में आज रविवार को ''कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार परामर्श कार्यक्रम'' का आयोजन स्टेशन रोड़ स्थित दॉ इंजिनियर्स क्लासेज अलवर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम मुख्य अतिथि आर.ए.एस. कुमारी रीचा सैनी, अतिरिक्त निदेशक सहकारिता विभाग रही एवं मुख्य वक्ता शहर कोतवाली थानाधिकारी रमेशचन्द सैनी, राजस्थान फलसब्जी मण्डी आढती युनियन प्रदेश अभय सैनी (पप्पूभाई प्रधान) रहे।